समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# यूपी के किसानों को बड़ी सौगात : योगी सरकार बनाएगी 16 जिलों मे आधुनिक गोदाम, नहीं बिकेगी फसल औने-पौने दाम पर।

Publisher
Published on 03 Jun 2025



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को राहत देने के लिए 16 जिलों मे बहुउद्देशीय कृषि गोदामों के निर्माण की घोषणा की, अब उपज का भंडारण होगा आसान और मिलेगा उचित मूल्य।

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। **योगी सरकार** ने किसानों की उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश के **16 जिलों मे 1000 मीट्रिक** टन तक की क्षमता वाले **बहुउद्देशीय गोदाम** बनाने का ऐलान किया है। यह गोदाम **प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (PACS)** के माध्यम से निर्मित किए जाएंगे।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को **भंडारण** की सुविधा देना है ताकि वे मजबूरी में फसल औने-पौने दाम पर न बेचें और बाजार में उचित समय पर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकें।

**किन जिलों मे बंनेगें ये गोदाम ?**
इन जिलों में **500 से 1000 मीट्रिक टन** क्षमता के **गोदाम** बनाए जाएंगे:
**लखनऊ,बाराबंकी,सुल्तानपुर,अमेठी,बहराइच,रायबरेली,एटा,मथुरा,फर्रुखाबाद,लखीमपुर,खीरी,कानपुर नगर,महाराजगंज,कुशीनगर,जालौन,पीलीभीत,झांसी।**

इन गोदामों के निर्माण से सिर्फ कृषि उपज ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति प्रणाली भी सुदृढ़ होगी।

**किसानों को कैसे मिलेगा लाभ?**

१. **अब किसान फसल को सुरक्षित रखकर उचित समय पर बेच सकेगें**
२. **बिचौलियों की भूमिका मे कंमी आएगी**
३. **किसानों को सीधा मूल्य लाभ मिलेगा**
४. **भंडारण सुविधा मिलने से उपज खराब होने का डर कम होगा**
५. **कर्ज लेने की जरूरत मे कंमी आएगी**

**डबल इंजन सरकार की पहल**

यह योजना **प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी** और **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** की संयुक्त '**डबल इंजन सरकार**' के तहत लागू की जा रही है। इसका लक्ष्य है — **गांवों और किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता और आजीविका मे संुधार**।

**किसानों की प्रतिक्रिया**

किसान नेताओं और विशेषज्ञों ने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि अगर निर्माण समय पर पूरा हुआ तो यह किसानों की आर्थिक स्थिति में ऐतिहासिक बदलाव ला सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.